विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी के प्रोत्साहन एवं अधिष्ठाता डॉ. बी.पी. शुक्ला के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, महू की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ग्राम हरनिया खेड़ी के आंगनवाड़ी केंद्र मे निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में लगभग 42 ग्राम वासियों का स्वास्थ्य परीक्षण मेडिकल ऑफिसर डॉ. अशोक कुमार बलेचा ने किया, ग्राम वासियों का हिमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच कर स्वास्थ्य परामर्श दिया गया, महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. बी.पी. शुक्ला ने ग्राम की महिलाओं को अपने आहार में अच्छा खानपान सम्मिलित करने के लिए प्रेरित किया, एनएसएस वॉलिंटियर्स द्वारा ग्राम वासियों के घर घर जाकर उनको विश्व स्वास्थ्य दिवस के विषय में जानकारी दी गई, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. कविता रावत, डॉ. योगिता पांडे एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण का शिविर में विशेष योगदान रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर